Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding Post-matric scholarship Scheme -laid.

डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली): अनुसूचित जाति के छात्रों की पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति में बड़ पैमाने पर घपले का खुलासा हुआ है। 18 हजार करोड़ रुपए की धनराशि आँख बंदकर जारी की गयी है। महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडु और कर्नाटक में कैग की ऑडिट के दौरान इस खेल का खुलासा हुआ है। यहाँ पर एक ही रोल नं0 और एक ही जाति प्रमाण पत्र पर हजारों छात्रों को धनराशि जारी कर दी गयी है। 1875 8 1 छात्रों के खाते में तो निर्धारित से 4967.19 लाख रुपए ज्यादा भेज दिए गए। कैग ने 20 1 2 से 2017 तक की ऑडिट के दौरान सिर्फ उत्तर प्रदेश में कुल 1.76 लाख ऐसे मामले पकड़े, जिसमें एक ही क्रमांक के जाति प्रमाण पत्र पर 233.55 करोड़ रुपए बांटने का खुलासा हुआ। इसी तरह 34652 केस ऐसे मिले जिसमें अभ्यर्थियों के आवेदन में एक ही क्रमांक की हाईस्कूल के सर्टिफिकेट लगे थे। ऐसे आवेदनों पर 59.79 करोड़ रुपए जारी हुए। इसी तरह 13303 ऐसे मामले रहे जिसमें एक ही रोल नं0 और एक ही जाति प्रमाण पत्र से 27.48 करोड़ रुपए का खेल हुआ।

उपरोक्त मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही हो और ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।